## खबर संक्षेप

### मुख्य वार्षिक परीक्षा 25 अप्रैल से डेनियलसन डिग्री कॉलेज में

**छिन्दवाड़ा।** शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय के स्नातक अंतिम वर्ष के सभी संकायों की मुख्य वार्षिक परीक्षा आगामी 25 अप्रैल 2024 से दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक डेनियलसन डिग्री कॉलेज छिंदवाड़ा में प्रारंभ होंगी। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों को निर्देश दिये हैं कि बिलम्ब शुल्क सहित परीक्षा आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल 2024 निर्धारित है । परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी असुविधा से बचने के लिये अंतिम तिथि तक अपने परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन जमा करें । साथ ही अपने विषय के व्हाट्सएप ग्रुप में अपना टाईमटेबल और समय-समय पर प्रसारित होने वाली सूचना देखते रहें।

### टांके में डूबने से बच्चे की हुई मौत

**छिन्दवाड़ा।** गांगीवाड़ा में तीन वर्षीय की एक मासूम बच्ची पानी के टांके में गिर गई। परिजनों ने पानी के टांके से मासूम को निकालकर जिला अस्पताल लाया। यहां चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में सिवनी रोड स्थित उमरियाइसरा के समीप बाइक सवार बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। घायल को जिला अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। खेलते समय हादसे का शिकार हुआ था मासूम बच्चा। वहीं दूसरे हादसे में एक बुजुर्ग की सड़क हादसे में मौत हो गई।

### श्रीमती ललिता शर्माजी का दु:खद निधन

**जुन्नारदेव।** नगर श्री नंदलाल सूद उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक मनोज शर्मा एवं नगर पालिका परिषद में कार्यरत पंकज शर्मा की माताश्री श्रीमती ललिता शर्माजी का अबसे कुछ ही देर पहले दुखद निधन हो गया। वह बीते कुछ दिनों से अस्वस्थ थी।इनकी अंतिम यात्रा कल सोमवार 22 अप्रैल 2024 को प्रातः 9 बजे को वार्ड क्रमांक 2, चिखलमऊ रोड स्थित निज निवास से स्थानीय मोक्षधाम हेतु रवाना होगी।

### मछली पालन करने वाले समूह पर संकट बन सकती है जलकुंभी

# जलाशय में पैर पसार रही जलकुंभी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



तामिया में संचालित सिंचाई विभाग का सबडिवीजन कई वर्ष पूर्व शासन स्तर से बंद कर दिये गयेहैi तामियां तहसील के किसान सिंचाई के लिए मरम्मत एवं देखरेख के अभाव के कारण जल भराव की क्षमता एवं नहर से भी व्यर्थ पानी बहता है।

जिससे किसानों को पानी नहीं मिल पाताi ऐसे ही हालत तामिया जलाशय की नहर मरम्मत के आभाव में जगह जगह से क्षतिग्रस्त हो गई हैi जिस कारण iकिसानों को खेत में नहीं मिल पाता । सनद रहे की ईसी जलाशय में समूह के द्वारा मछली पालन भी किया जाता है मछली पालन से कमातेभी हैं लेकिन अब का इस जलाशय में संकट के संकेत मिलने लगे है. क्योंकि इस जलाशय के आसपास जलकुंभी को समय रहते नहीं रोका गया तो इसका दायरा दिन प्रतिदिन बढ़ता जाएगा और जिस कारण तालाब का स्वरूप एवं जल भराव के साथ साथ मछली मै परेशानी का सामना मछली पालन समूह को करना पड़ेगा । यदि इस जलकुंभी को शुरुआती दौर में ही रोकने के लिए सिंचाई विभाग के आला अधिकारियों को कोई स्थाई हल ढूंढ़ने होंगे नहीं तो किसानों को वर्तमान में हो रही परेशानी इस जलकुंभी जिसका जिम्मेदारी विभाग के रूप में किसानों एवं मछली पालने वालों को इस जलाशय में भगत नहीं होगी।

### हर्षोल्लास से मनाया जाएगा श्री हनुमान जन्मोत्सव

**छिंदवाड़ा।** आगामी 23 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर्व सम्पूर्ण शहर में जगह जगह धूमधाम से मनाया जाने की तैयारी भक्तो द्वारा की जा रही है।इसी तारतम्य में स्थानीय रेलवे स्टेशन स्थित श्री सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर परिसर में भक्तों द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए हैं जिनमे सर्वप्रथम दिनांक 22 अप्रैल सोमवार को संत आसाराम गुरुकुल के विद्यार्थियों द्वारा संगीतमयी सुंदरकांड का पाठ भजन कीर्तन किया जाएगा। तत्पश्चात अगले दिन दिनांक 23 अप्रैल को मंदिर परिसर में कलश स्थापना तथा भक्तों द्वारा विशाल महाप्रसाद (भंडारा) का आयोजन किया गया हैं। इन भक्तिमयी कार्यक्रम में भक्तों द्वारा अधिक से अधिक संख्या में आमजनों से शामिल होने की विनम्र अपील की गई।

# आई. टी इंटरनेशनल स्कूल का रहा 100% रिजल्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

दिनांक 18-04-24 को आई. टी. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल झामटा बिछुआ का कक्षा नर्सरी से 9वी तक का रिजल्ट घोषित किया गया जो 100% रहा I कक्षा 9वी में निकुंज साहू(93.4%) कक्षा 8वी में खनक तांडेकर (99.75%) कक्षा 7वी में अभय तांडेकर (99.16%) कक्षा 6वी में सौम्य शर्मा (91.82) कक्षा 5वी में आराध्या बोबडे (98.50) कक्षा 4थी में रुद्र डिगरसे (98.7%) कक्षा 3 में वेदांत कुल्हार (99%) कक्षा 2 में काव्य नुनहरिया (100%) तथा कक्षा 1 में अर्णव रघुवंशी (99.12%) के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

विद्यालय से इस सत्र में जिले भर में सबसे अधिक 7 बच्चों का जवाहर नवोदय विद्यालय में भी चयन हुआ है तथा 10वी कक्षा का भी गत वर्ष तक 100% रिजल्ट रहा है।

# अमानक प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

नगर पालिक निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर रविवार को निगम के स्वास्थ्य शाखा के दल ने मुख्य बाजारों में दविश देकर अमानक प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक को जप्त किया। निगम द्वारा यह कार्यवाही फव्वारा चौक, मोहबे मार्केट एवं फल मार्केट में की गई इस दौरान 10 दुकानदारों पर 2800 रुपए की चालानी कार्यवाही करते हुए 06 किलो अमानक प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक को जप्त किया गया। कार्यवाही के दौरान आम नागरिकों तथा दुकानदारों को पुनः सिंगल यूज एवं अमानक प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा इसे विक्रय नही करने की समझाइश भी दी गयी। इस चालानी कार्यवाही में निगम के स्वच्छता निरीक्षक श्री अरुण गढ़ेवाल, श्री मंगेशराव पवार, श्री रामवृक्ष यादव, श्री अनिल लोट सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। आयुक्त के निर्देश पर यह कार्यवाही सतत रूप से जारी रहेगी।

### आम राहगीरों ओर गदा पद यात्रा वालो को नि:शुल्क छाछ वितरण

**छिंदवाड़ा।** श्री शक्ति ट्रस्ट एवं संस्कृत पुस्तकोन्नति सभा द्वारा संचालित संत श्री आशारामजी गौशाला द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आम राहगीरों को भीषण गर्मी से बचाने हेतु निःशुल्क छाछ सेवा प्रारंभ की गई है । श्री योग वेदांत सेवा समिति के साधक प्रतिवर्ष गर्मी के दिनों में बस स्टैंड पर प्रति रविवार छाछ का स्टॉल लगाकर आम लोगों को बड़ी श्रद्धा भाव से बुला बुलाकर छाछ का सेवन करवाते हैं । छाछ की आयुर्वेद में बड़ी भारी महिमा है ।छाछ एक औषधि पेय है । छाछ के सेवन से पेट के अनगिनत रोगों से छुटकारा मिलता हैं साथ ही भीषण गर्मी से राहत भी । साधकगण छाछ बनाने हेतु देशी गाय का ही दूध उपयोग में लाते हैं। समस्त जिलेवासियों को इस सेवा का वर्ष भर इंतजार रहता है ।

### शासकीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर एक कर्मचारी निलंबित

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 16-छिंदवाड़ा में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के बाद भी एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय चौरई में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 श्री रविकांत उईके बिना किसी सूचना के कर्तव्यपथ पर अनुपस्थित रहने और संपर्क करने पर भी अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं होने पर उनका यह कृत्य शासकीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही और उदासीनता को प्रदर्शित करने के साथ ही आचरण नियमों के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में सहायक ग्रेड-3 श्री उईके का मुख्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय अमरवाड़ा रहेगा और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी। यह कार्यवाही एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय चौरई के परियोजना अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की गई है।

# लूट की कोशिश के नकाबपोशों को पकडने की मांग

**मतदान के दिन वाहन रोककर हुआ था लूट का प्रयास**

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



गत 19 अप्रैल को मतदान के दिन पांढुर्ना के जामघाट-अंबाडा मार्ग पर दिन दहाडे कांग्रेस वरिष्ठ नेता एवं पर्यवेक्षक सुनील जुननकर के वाहन के सामने 8-9 युवा नकाबपोशों ने लकडियां और पत्थर रखकर रोकने का प्रयास किया। नकाबपोश कांग्रेस पर्यवेक्षक के सामने हथियार लहरा रहे थे और गालीगलौज एवं जान से मारने की धमकी देते हुए पैसे की मांग कर रहे थे। इस दौरान कांग्रेस पर्यवेक्षक सुनील जुननकर ने वाहन के भीतर से नकाबपोशों की फोटो भी खींच ली। इस बीच सामने से कुछ अन्य वाहन आ गए और लुटेरे भाग खडे हुए। आज अनेक ग्रामीणों ने जिला पुलिस अधिक्षक पांढुर्ना के नाम दिए ज्ञापन में कहा है कि मतदान के दिन हुई इस घटनावाले दिन आचारसंहिता लागू थी और पुलिस प्रशासन काफी चौकस था। इसके बावजूद नकाबपोशों द्वारा किए गए लूट के इस प्रयास को अपराधियों का बुलंद हौसला ही माना जाएगा। आज विधायक निलेश उईके साथ ही अनेक कांग्रेसियों एवं ग्रामीणों ने प्रशासन को ज्ञापन देकर आरोपियों के शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार इन नकाबपोश गिरोह का सरगना कौन है ? तथा यह किसी की साजिश तो नहीं है ? इन बातों पर ध्यान देते हुए मामले की विवेचना करने की मांग की है।

# लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत फार्म 17-क व अन्य अभिलेखों की हुई संवीक्षा

**संवीक्षा में किसी भी मतदान केन्द्र में नहीं पाई गई कोई अनियमितता**



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र.द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में गत दिवस मतदान के बाद मतदान सामग्री स्ट्रांग रूम में रखने के बाद आज भारत निर्वाचन आयोग के सामान्य प्रेक्षक श्री दुसमान्ता कुमार बेहेरा, रिटर्निंग ऑफिसर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह और अभ्यर्थियों की उपस्थिति में सामान्य प्रेक्षक श्री बेहेरा द्वारा फार्म 17-क, पीठासीन अधिकारी की डायरी और अन्य अभिलेखों की संवीक्षा की गई। संवीक्षा में किसी भी मतदान केन्द्र में कोई अनियमितता नहीं पाई गई और किसी भी मतदान केन्द्र में पुनर्मतदान की आवश्यकता नहीं है। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा छिंदवाड़ा श्री पार्थ जैसवाल, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के.सी.बोपचे, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, सहायक रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा जुन्नारदेव सुश्री कामिनी ठाकुर, अमरवाड़ा श्री हेमकरण धुर्वे, चौरई श्री प्रभात कुमार मिश्रा, सौंसर श्री सिध्दार्थ पटेल, परासिया श्री पुष्पेन्द्र निगम व पांढुर्णा सुश्री नेहा सोनी और मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के निर्वाचन अभिकर्ता भी उपस्थित थे।

# जिले की ऑनलाईन गेमर पायल धारे ने की पीएम मोदी से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत दिवस भारत के टॉप गेमर्स से बात की। इन गेमर्स में पायल धारे नामक युवती भी शामिल थीं, जो कि मध्य प्रदेश की ही रहने वाली है। पायल के यूट्यूब पर करीब 37 लाख सब्सक्राइबर्स है। उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। वे देश की एकमात्र महिला ऑनलाइन गेमर हैं। पायल धारे छिंदवाड़ा जिले के गांव उमरानाला की रहने वाली है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के भिलाई से इंजीनियरिंग की पढ़ाई है। उन्होंने 2019 में गेमिंग की दुनिया में कदम रखा था और इसमें पायल अब काफी सफल भी हो चुकी हैं।

# हनुमान जयंती पर सिमरिया हनुमान में दर्शन करेंगे श्रद्धालु

**23 अप्रैल मंगलवार को धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव**

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



जिले में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शहर के सभी हनुमान मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। शहर के सभी हनुमान मंदिरों में इसकी तैयारियां की जा रही है। वहीं नागपुर रोड स्थित सिमरिया हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान हनुमान जी के दर्शन के लिए पहुंचेंगे। यहां हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। रामभक्त हनुमान को संकटमोचन कहा जाता है। हनुमान जी की पूजा करने से आप हर प्रकार के संकट और बाधाओं से मुक्त हो जाते हैं। अपने भक्तों को हनुमान जी हर भय, पीड़ा से मुक्त रखते हैं। हनुमान जी की स्तुति का दिन हनुमान जयंती इस साल 23 अप्रैल 2024, मंगलवार के दिन है। हनुमान जयंती पर हनुमान जी की पूजा करने का विशेष महत्व है क्योंकि इस दिन हनुमान जी का जन्म हुआ था। इस दिन व्रत करने के अलावा बूंदी, हलवा, लड्डू जैसी मीठी चीजों का भोग लगाने से हनुमान की कृपा हमेशा अपने भक्तों पर बनी रहती है।

### हनुमान जयंती पर पूजा का शुभ मुहुर्त

पंचांग के अनुसार चैत्र पूर्णिमा के तिथि 23 अप्रैल 2024 को सुबह 3:25 बजे से शुरू होगी, और 24 अप्रैल 2024 को सुबह 5:18 बजे समाप्त होगी। इस कारण से हनुमान जयंती का दिन 23 अप्रैल को मनाया जाएगा। आप सुबह 3:25 से लेकर 5:18 के बीच हनुमान जी की पूजा कर सकते हैं। इस समयकाल में पूरे दिन शुभ मुहूर्त रहेगा।

# कलेक्टर ने मतदान कार्य में लगी सभी टीमों को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 16-छिंदवाड़ा के छिंदवाड़ा व पांढुर्णा जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों में गत दिवस मतदान संपन्न हुआ जिसमें 79.59 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। यह मतदान प्रतिशत केवल ईवीएम से हुए मतदान का है, जो पोस्टल बैलेट का मत प्रतिशत जुड़ने पर और अधिक होगा । संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 16-छिंदवाड़ा के छिंदवाड़ा व पांढुर्णा जिले के सातों विधानसभाओं के 1299009 अर्थात 79.59 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व मतदान के प्रति अपने उत्साह को व्यक्त किया है। इसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र जुन्नारदेव में 184310 अर्थात 81.79, अमरवाड़ा में 212055 अर्थात 82.33, चौरई में 175898 अर्थात 80.05, सौंसर में 170163 अर्थात 80.62, छिंदवाड़ा में 213478 अर्थात 75.16, परासिया में 169479 अर्थात 77.39 और पांढुर्णा में 173626 अर्थात 80.61 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी छिंदवाड़ा श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा दोनों जिलों के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। उन्होंने मतदान कार्य में लगे सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों, विभिन्न कार्यों के नोडल अधिकारियों, मास्टर ट्रेनर्स, अन्य अधिकारी/कर्मचारियों और मतदान दलों को भी मतदान का कार्य सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिये बधाई और शुभकामनायें दी हैं ।

**रविवार को कलेक्टर एसपी ने ली बैठक, जामसावली के चप्पे-चप्पे पर होगी सीसीटीवी से निगरानी**

# हनुमान जयंती पर जामसावली में लगेगा भक्तों का मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौसर



हनुमान जयंती पर क्षेत्र के प्रसिद्ध चमत्कारी हनुमान मंदिर जामसावली में होने वाले भव्य आयोजन को लेकर पांढुर्णा कलेक्टर अजय देव शर्मा,पुलिस अधीक्षक राजेश त्रिपाठी के द्वारा रविवार को मंदिर परिसर में पहुंचकर व्यवस्थाओं एवं हनुमान जयंती के कार्यक्रमों का जायजा ओर आयोजन को लेकर मंदिर ट्रस्ट कमेटी अधिकारियों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। हनुमान जयंती के अवसर पर 23 अप्रैल को चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर जामसांवली मे लाखो की संख्या में हनुमान भक्तो का आवागमन होता है। इस अवसर पर भंडारा एवं हवन-पूजन कार्यक्रम होते है। हनुमान भक्तों को सरलता से श्री हनुमान का दर्शन प्राप्त हो, मदिर तक आवागमन सुलभ हो, वाहन पार्किंग व्यवस्थित हो इत्यादि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के संबंध में अधिकारियों ने निर्देश दिए है।

### हनुमान जयंती पर सीसीटीवी से रहेगी भक्तों पर निगरानी

वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा ली गई बैठक में निर्णय लिया गया कि हनुमान जयंती के दिन यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था 22 अप्रेल से 23 रात्रि तक जामसांवली मंदिर के मेनगेट से गाडियों का प्रवेश निषेध रहेगा।पांढुर्णा रोड से आने वाले वाहन गौशाला सामने स्थित पार्किंग में खडे किये जायेगें। इसी प्रकार दो अन्य पार्किंग स्थल होंगे,मदिर परिसर में जगह-जगह सी.सी.टी.व्ही. कैमरे से व्यवस्थाओं भक्तोंपर नजर रखी जाएगी।पुलिया के पास स्वागत द्वार बनाकर मंदिर के सामने पंडाल की व्यवस्था की जाएगी।भीड को नियंत्रण करने हेतू जिग जैग सिस्टम से व्यवस्था रहेगी। कलेक्टर श्री शर्मा के द्वारा मंदिर एंव परिसर क्षेत्र की साफ-सफाई,चलित शौचालय एवं जगह जगह पर डस्टबिन फायर ब्रिगेड की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को दिये गये। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सौंसर एवं मंदिर समिति को स्वच्छ पेयजल, खंड चिकित्सा अधिकारी सौसर को चिकित्सा व्यवस्था,सुरक्षा पार्किंग यातायात पुलिस निर्देश दिए गए। इसके अलावा बाहर से आने वाले हनुमान भक्तों की रैलियां के लिए पेयजल महाप्रसाद बैठक व्यवस्था पार्किंग आदि की भी व्यवस्थाएं बनाई गई है।

# छह माह से लगातार बह रहा पानी, रोकथाम की सारे प्रयास हुए नाकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



परासिया थाने के आसपास बीते लगभग 6 माह से लगातार पानी बह रहा है । नगर पालिका की तरफ से इसको रोकथाम के लिए किए गए सारे प्रयास नाकाम हो गए । इस क्षेत्र से गुजरने वालों को सड़क़ पर बह रहे इस पानी से काफी परेशानियों का सामना करना पड़.रहा है ।शहर को पानी सप्लाई देने के लिए बिछाई गई पाइपलाइन लीकेज होने से थाना क्षेत्र के आसपास पूरे समय पानी बहता रहता है । जिसके चलते यहां फिसलन बन गई है । यहां से गुजरने वाले दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं और दुर्घटनाएं हो रही हैं । इस क्षेत्र में स्थापित व्यापारियों और उनके यहां आने वाले ग्राहकों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । नगर पालिका के द्वारा इस लीकेज को ठीक करने के लिए दो बार जेसीबी लगाकर नाली की खुदाई की गई । पाइप लाइन का लीकेज को ढूंढ कर ठीक किया गया । बावजूद इसके समस्या जस की तस बनी हुई है । इस समस्या को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने कई बार आवाज उठाई । नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह के नेतृत्व में ज्ञापन भी सौंपा गया , लेकिन समस्या का समाधान अब तक नहीं हो पाया । इस समस्या का सामना केवल व्यापारियों , जनसाधारण को ही नहीं करना पड़.रहा है , बल्कि पुलिस को भी इस समस्या से होने वाली परेशानी को भोगना पड़.रहा है ।

## बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण 28 को

**सौंसर।** भारतीय बौद्ध महासभा एवं पारेघाट ग्रामवासीयो की ओर से महामानवडॉ.बाबासाहेब आम्बेडकर पूर्णाकृती प्रतिमा अनावरण समारोह एवं धम्म सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन रविवार 28 अप्रैल को सुबह 11 से ग्राम पारेघाट में किया जा रहा है।उक्त डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर प्रतिमा निर्माण ओर धम्म सम्मलेन ग्रामवासियों के द्वारा दिये गये संहयोग से संपन्न हो रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर द्वारा भारत को बौद्धमय बनाने के सपने को साकार करने का है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऋषिनाथजी नागदवने करेगे,प्रतिमा अनावरण समारोह भिक्कु संघ नागपूर इनके हस्ते होंगा। आयोजन में प्रमुख अतिथि के रूप में मार्शल डॉ. एन. व्ही. ढोके,ओजस्वी वक्ता उषाताई बौद्ध,धम्मपाल देशभ्रतार,आयु. व्ही. एस. शेन्डे, संभागीय प्रभारी भा. बौ. महा. जबलपूर चंद्रभान बागड़े, जिला अध्यक्ष डॉ. अशोक भगत,डॉ. वाय. एल. ठवरे मुरलीधर कांबले,तहसील अध्यक्ष भाबोम लक्ष्मीदास बोरकर,जप सदस्य छायाबाई अनिल शिंदे,सरपंच संगीताताई उईके,मंदा दिगांबर बागडे सुनिता आनंद दुफारे,चंद्रप्रकाश रंगारे,प्रेमराज गजभिये,दिलीप बागडे,लेखराज डोंगरे, पारडसिंगा) आयु. राजेश बागडे रहेंगे, कार्यक्रम की प्रस्तावना उपसरपंच उमाजी शेन्डे,संचालन मुकेश बागडे करेगे, आयोजन के दौरान बुद्ध भीमगीत मंडल, सातनुर, धम्मकसोटी भीमगीत मंडल, की ओर से बहुजन समाज में जन्मे हुए महापुरुषों की विचारधारा पर गीतों की प्रस्तुति की जाएगी।

# निरीक्षण उपरांत ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 16-छिंदवाड़ा में गत दिवस मतदान के बाद रात भर मतदान दलों की वापसी का सिलसिला जारी रहा। सभी मतदान दलों से मतदान सामग्री और ईवीएम वीवीपेट मशीनें स्ट्रॉन्ग रूम में जमा कराने के उपरांत भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक श्री दुसमांता कुमार बेहेरा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह और अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में मशीनों का निरीक्षण कर सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग बनाए गए ईवीएम स्ट्रांग रूम सील किए गए। इन मशीनों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तीन लेयर की कड़ी सुरक्षा और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखा गया है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री मनीष खत्री, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के.सी.बोपचे और अन्य अधिकारी भी साथ में थे ।

# जामसांवली मंदिर में हनुमान जयंती पर आज आएंगे लाखों भक्त

**मंदिर परिसर में दो दिवसीय होंगे विविध आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



हनुमान जयंती को लेकर चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सांवली मंदिर कमेटी की ओर से तैयारीया शुरू कर दिए है। हनुमान जयंती पर जामसावली मंदिर में देश के कोने-कोने से लाखों भक्त उपस्थित होकर बजरंगबली की पूजा अर्चना आराधना करते हैं। चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली से जारी हुई प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान जामसावंली में दो दिवसीय हनुमान जयंती का धूमधाम के साथ में आयोजन किया जाएगा। आज और कल श्री हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर परिसर में विविध कार्यक्रम संपन्न होंगे। चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष धीरज चौधरी ने बताया कि हनुमान जयंती के अवसर पर श्री हनुमानजी का महारूद्राभिषेक समय मध्य रात्रि 2 बजे सम्पन्न होगा, तथा दिनांक 22 से 23 अप्रैल महाप्रसाद भंडारा सुबह 6 बजे से प्रारंभ होगा। 22 अप्रैल को ह.भ. प. श्री अनिल महाराज कुरेकार आळंदीकर के शुभ हस्ते दहीलाही का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। 22 अप्रेल को लाखो दर्शनार्थी अनुमानतः भगवान श्री हनुमानजी महाराज के दर्शन हेतु आयेंगे। ट्रस्ट कमेटी द्वारा मेले की पूरी तैयारी कर ली गई हैं,आयोजन की सफलता के लिए सौंसर तहसील शासकीय अधिकारी कर्मचारियोंका सहयोग मिल रहा है। ट्रस्ट कमेटी की पंजीयक एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के मार्गदर्शन में तैयारीया जोर शोर से की जा रही है।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिये 28 अप्रैल को होगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित प्रदेश के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा आगामी 28 अप्रैल 2024 को प्रातः 11 से दोपहर एक बजे तक होगी। इस परीक्षा के लिए आगामी 28 अप्रैल 2024 तक प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री सतेन्द्र सिंह मरकाम ने बताया कि संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य भोपाल संभाग कार्यालय से जबलपुर संभाग के परीक्षार्थियों के लिये आगामी 23 अप्रैल 2024 को प्रश्नपत्र, ओएमआर शीट व अटेंडेंस शीट वितरित की जायेगी और संभाग स्तर से छिंदवाड़ा जिले के परिक्षार्थियों के लिये 26 अप्रैल 2024 को प्रश्नपत्र, ओएमआर शीट व अटेंडेंस शीट वितरित किये जायेंगे । जिले के परीक्षा केन्द्रों से 29 अप्रैल 2024 को संभाग स्तर पर प्रश्नपत्र, ओएमआर शीट व अटेंडेंस शीट संकलित की जायेगी और संकलित प्रश्नपत्र, ओएमआर शीट व अटेंडेंस शीट 30 अप्रैल 2024 को संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य भोपाल संभाग कार्यालय को उपलब्ध कराई जायेगी । उन्होंने बताया कि एमपीटास पोर्टल पर आगामी 15 मई 2024 को विद्यार्थियों के विद्यालय प्रवेश की सूची जारी की जायेगी और चयनित विद्यार्थियों को विद्यालय आवंटन सूची के अनुसार 16 मई 2024 से विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी । उन्होंने बताया कि सभी कार्यवाहियां आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत की जायेंगी।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वहीं पांचवीं और आठवीं का रिजल्ट अप्रैल माह के अंत तक आने की संभावना बताई जा रही है। पांचवीं और आठवीं के बच्चे अपने रिजल्ट का इंतजार कर रहे है। वे अगली कक्षा में प्रवेश भी लेंगे। रिजल्ट आने के बाद उनके अगली क्लास में प्रवेश की चिता भी खत्म हो जाएगी।

# नगर में गाजर घास का साम्राज्य, स्वच्छता पर लग रहा ग्रहण

**नगरपालिका प्रशासन को इस पर अमल करने की है जरूरत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



नगर में गाजर घास का साम्राज्य गर्मी में जगह जगह फैल चुकी है ।जिससे स्वच्छता अभियान पर ग्रहण लगा रहा है ।नगर पालिका क्षेत्र को स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च स्थान प्राप्त करने के सपने धूमिल हो रहे हैं ।पिछले सप्ताह अचानक हई बरसात के कारण नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में गाजर घास का साम्राज्य फैल गया है । जिसके कारण जहरीले कीड़े मकोड़े सर्पदंश से जनहानि होने की संभावना है ।इसे देखते हुए नगर पालिका प्रशासन से स्थानीय नागरिकों ने अनुरोध किया कि गाजर घास उन्मूलन का अभियान चलाकर वार्डों में फैली गाजर घास से क्षेत्र की जनता को निजात दिलाएं ।

नगर के विभिन्न मैदानों में सड़क के किनारे गाजर घास फल फूल रही है। नगर के कई स्कूलों में एवं मदरसा मोहम्मदिया वार्ड क्रमांक 7 पंचशील कॉलोनी सहित विभिन्न वार्डों में चारों ओर बड़ी-बड़ी गाजर घास ऊगआई है। ज्ञात रहे कि गाजर घास उखाड़ कर नष्ट करने का अभी उचित समय है। गाजर घास के पौधों को उखाड़ फेंकने में नगरपालिका कर्मचारियों को आसानी होगी। इसे देखते हुए नगर पालिका प्रशासन को चाहिए कि नगर में पनप रही गाजर घास को जड़ से नष्ट करने के प्रयास करना चाहिए ।

**23 अप्रैल को हनुमान जयंती पर निकलेगी भव्य शोभा यात्रा**

# हनुमान मंदिरों में होगा सुंदर कांड व हनुमान चालीसा का पाठ

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



23 अप्रैल मंगलवार को हनुमान जयंती का पर्व संपूर्ण देश के साथ-साथ वारासिवनी नगर में भी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस पर्व को मनाने को लेकर हनुमान भक्तों में अपार उत्साह है। जिसके लिए हनुमान भक्तों द्वारा विशेष तैयारियॉ की जा रही हैं। इस मौके पर नगर के विभिन्न हनुमान मंदिरों सहित बड़ा श्रीराम मंदिर में भी विशेष पूजा अर्चना के साथ सुंदर कांड का पाठ किया जायेगा। इस पर्व को मनाने के लिए मंदिरों को आकर्षक फूलों व रंग बिरंगी विद्युत से सजाया जा रहा हैं।

हनुमान जयंती पर होने वाले आयोजन को लेकर राम भक्तों ने एक बैठक नगर के बड़ा श्रीराम मंदिर में आयोजित की थी। जिसमें सदस्यों ने अनेंक निर्णय लिए। आयोजन के संबंध में समाजसेवी वीरेंद्र सोहाने ने बताया कि पिछले वर्ष हनुमान जन्म उत्सव के अवसर पर जिस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, उसमें विभिन्न आकर्षक झांकियां निकाली गई थी। जो नागरिकों व भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रही थी।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी हनुमान जयंती के अवसर पर निकाली जाने वाली शोभा यात्रा में 56 झांकियां भी निकाली जायेगी। जिसमें राम लला, लव कुश, भगवान हनुमान जी सहित अन्य झॉंकियॉ शामिल रहेगी। इन झॉंकियां में राजस्थान और गाडरवारा के लगभग 90 कलाकारों द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जायेगा। खासकर दो चुडैले भी नगरवासियों का मन मोह लेने के लिए नगर में आ रही हैं।

उन्होंने बताया कि हनुमान जी की प्रेरणा और नगर के सहयोग से यह आयोजन 23 अप्रैल को शाम 4 बजे से शोभा यात्रा के रुप में प्रारंभ होगा। विभिन्न चल झांकियों के साथ यह शोभा यात्रा बड़ा श्रीराम मंदिर से निकलेगी। जो गॉंधी चौक, गोलीबार चौक, आंबेडकर चौक, नेहरु चौक, जय स्तम्भ चौक से होते हुये वापस राम मंदिर पहुंचेगी। जहॉं पर शाम 7 बजे हनुमान भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया हैं। उन्होंने हनुमान भक्तों से अनुरोध किया हैं कि हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान जी का अभिषेक, सुंदर कांड और सभी भक्तों द्वारा एक-एक हनुमान चालीसा का पाठ करे।

## पिपलेश्वर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में होगें विविध आयोजन

**कटंगी।** क्षेत्र की मॉयल नगरी तिरोड़ी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पिपलेश्वर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में रामभक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा. श्री पिपलेश्वर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर समिति ने बताया कि 22 अप्रैल से जयंती समारोह की शुरुआत होगी. आज सुबह 10 बजे संपूर्ण रामायण पाठ का प्रारंभ किया जाएगा. वहीं 23 अप्रैल को सुबह 05 बजे से श्री हनुमान प्रकटोत्सव मनाया जाएगा. प्रकटोत्सव पर हनुमान जी को विशेष चोला अर्पित किया जाएगा. सुबह 09 बजे महाआरती के बाद विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी. दोपहर 12 बजे हवन पूजन किया जाएगा और शाम 05 बजे हनुमान जन्मोत्सव विशेष श्रृंगार और महाआरती के साथ भव्य चल समारोह शोभायात्रा निकाली जाएगी. 24 अप्रैल को दोपहर में 03 बजे से सुंदरकांड पाठ भजन प्रस्तुति और शाम 06 बजे महाआरती और नगर भोज का आयोजन होगा।

# अहिंसा परमो धर्म का दिया संदेश : महावीर स्वामी की जयंती पर निकाला गया भव्य वरघोड़ा



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

विश्व को सत्य, अहिंसा, जीव दया और करुणा का पाठ पढ़ाने वाले जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म कल्याणक यानी अवतरण दिवस को कटंगी में जैन समाज के लोगों में बेहद उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया. इस मौके पर रविवार को कटंगी शहर में वरघोड़ा निकाला गया. जैन मंदिर में महामस्तकाभिषेक के साथ शांति धारा का पाठ किया गया. वहीं समाज के लोगों ने बाजे-गाजे के साथ महावीर स्वामी का भव्य वरघोड़ा निकाला. जिसमें जैन समाज के सभी वर्ग महिला-पुरुष, युवक-युवतियों और बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया. धर्मध्वजा को हाथों में उठाए जैन समाज के लोग भगवान महावीर के संदेश अहिंसा परमो धर्म, जियो और जीने दो पर नृत्यमय आराधना करते आगे बढ़ रहे थे. जैन मंदिर से वरघोड़ा की शुरूआत हुई थी. जिसने पूरे शहर का भ्रमण कर यथास्थान पर विराम लिया. महावीर जयंती के मौके पर जैन समाज के लोगों ने सरकारी अस्पताल कटंगी में मरीजों को फल वितरण भी किया. इसके पूर्व जैन समाज के युवाओं ने शहर में बाइक रैली भी निकाली. समता बहुमंडल एवं जागृति मंडल की महिलाओं ने वृद्धाश्रम और अनाथालय बालाघाट में जरूरत की कंबल और कपड़े और वारासिवनी गौशाला में पशु आहार की व्यवस्था कराई. इसके साथ ही कटंगी अस्पताल में मरीजों को कंबल वितरण किया।

## अर्जुननाला में आज मनाई जाएगी अंबेडकर जयंती

**कटंगी।** कटंगी शहर के अर्जुननाला में स्थित ऐतिहासिक धम्म भूमि बौद्ध विहार में आज संविधान शिल्पकार डॉ बाबा साहब अंबेडकर की 133 वीं जन्म जयंती मनाई जाएगी. जयंती समारोह में महापुरुषों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी होगी. जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल करने वाले विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा. इसके अलावा अन्य सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे. जिला बौद्ध संघ जिलाध्यक्ष अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े की अध्यक्षता और क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी के मुख्य आतिथ्य में जयंती समारोह का आयोजन होगा. पंचशील महिला मंडल बौद्ध विहार समिति अर्जुननाला की ओर से जयंती समारोह का आयोजन करवाया गया है. जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर, पूर्व नपा उपाध्यक्ष योगेन्द्र रांहगडाले, देवानंद मेश्राम, संतोष बंसोड़, विशेष अतिथि होगें. वहीं पार्षद श्रीमती सुनीता दिमागचंद टेम्भरे बतौर अतिथि के रुप में शामिल होगें. उक्ताशय की जानकारी अरविंद दरवड़े ने दी।

# हम पाठ के खिलाफ नहीं पर नियमो से हो पाठ, ईमलीटेकरा के ग्रामीणों ने की बैठक



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिले के मॉयल नगरी भरवेली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले हीरापुर ईमलीटेकरा में धार्मिक आयोजन को लेकर दो पक्ष आमने-सामने है, जहां गत दिवस कुछ लोगों ने गत दिनों प्रशासन को अनुमति के लिए ज्ञापन दिया था। जिसके बाद ग्रामीणों ने बीती रात्रि बैठक कर वस्तुस्थिति से मीडिया को अवगत कराया है। गौरतलब हो कि गत दिनों हनुमान जन्मोत्सव पर एक पक्ष हनुमान स्वरूप निकलना चाहता है, जिसके चलते उसने एसडीएम अनुमति की मांग की थी, लेकिन अनुमति नहीं मिलने पर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर लोगों ने प्रशासन से अनुमति की मांग के साथ ही दशहरा उत्सव समिति पर आयोजन में रूकावट पैदा करने का आरोप लगाया था। जिसके बाद ग्रामीणों ने गत रात्रि बैठक की और हनुमान जयंती पर हनुमान स्वरूप निकालने को लेकर लगाए जा रहे आरोपों को निराधार बताया। ग्राम के रामकृष्ण बजरंग मंदिर विष्णुधाम के सेवादार अंकित शिववंशी का कहना है कि हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान स्वरूप का विरोध नहीं है, चूंकि यह परंपरा कभी गांव में रही नहीं है और हम नई परंपरा को विधिवत और नियमों के तहत चाहते है, चूंकि भगवान हनुमान का स्वरूप धारण करना, कोई आसान नही है, इसके लिए 40 दिनों का तप और नियमों का पालन करना होता है, लेकिन वर्तमान में विकास धानेश्वर (लालु) जो हनुमान स्वरूप धारण करना चाहते है, वह नियमों का पालन नहीं कर रहे है। जो हम सभी सनातनियों की आस्था और विश्वास के विपरित है और दूसरी बात कि गर्मी का मौसम है, इस गर्मी में हनुमान स्वरूप धारण करना, काफी मुश्किल होता है, चूंकि जो हनुमान स्वरूप धारण करने का दावा कर रहे है, वह अक्सर बीमार रहते है। जिसके साथ स्वरूप धारण करने के दौरान कोई अनहोनी घटना, बालाघाट की तरह ना हो जाए, इसलिए ग्रामीण चिंतित है और वह नहीं चाहते है कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना के कारण गांव और मंदिर का नाम खराब हो और दशहरा में निकलने वाले हनुमान स्वरूप पर किसी प्रकार का कोई विघ्न पैदा हो। यही कारण है कि गांव के लोग, हनुमान जयंती पर हनुमान स्वरूप धारण करने को लेकर एकमत नहीं है। महिला समिति अध्यक्ष श्यामबाई का कहना है कि अब तक हनुमान जयंती पर हनुमान स्वरूप को निकलते नहीं देखा है। जो महिलाएं, वहां गई थी, वह महिला मंडल में शामिल भी नहीं है। उन्हें बहला-फुसलाकर लेकर गए थे। ग्रामीण रामराज परिमल ने बताया कि वर्तमान में डब्बुलाल नागेश, मंदिर के स्व-अध्यक्ष है। चूंकि इससे पहले मैं भी मंदिर समिति में था, लेकिन मेरे आगे बढ़ना, उन्हें रास नहीं आया है और उन्होंने मुझे अलग कर दिया।यही नहीं बल्कि उनके द्वारा मंदिर के आय-व्यय को भी पारदर्शी तरीके से नहीं रखा जाता है। साथ ही मनमर्जी से वह काम करते है और वह मंदिर में ही निवास करते है, जिन्होंने मंदिर को मंदिर नहीं बल्कि अपना घर समझ लिया है। जो मंदिर में लगे सीसीटीव्ही से देखा जा सकता है। मंदिर में हुई ग्रामीणों की बैठक में राजेन्द्र शिववंशी, प्रेमप्रकाश भारद्वाज, मनीष राउत, रामेश्वर देवांगन, दानिश शिववंशी, मनीष भारद्वाज, राजा हिरेन्द्रवार, शुभम नागेश्वर, मनोज साहु, गायत्री शिववंशी, मोंटु बरमैया, प्रमिला भारद्वाज सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद थे।


# विश्व विरासत दिवस पर दिया धरोहरों के संरक्षण का संदेश



**बालाघाट।** पुरातत्व और पर्यटन की असीम संभावाओं को समेटे जिले में ऐसे कई टुरिज्म स्पॉट और धरोहरें हैं, जिनका संरक्षण और प्रचार प्रसार नहीं हो पाने के कारण वे सबके के सामने नहीं आ पाईं है। इन्हें सामने लाने प्रयास किए जाए तो जिला पुरातत्व और पर्यटन के क्षेत्र में हब बन सकता है। कुछ इसी तरह के विचार 18 अप्रेल को विश्व धरोहर दिवस पर व्यक्त किए गए। जिले की प्रसिद्ध हट्टा की बावली में गुरूवार को जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (डीएटीसीसी) और जन अभियान परिषद ने पंचायत के सहयोग से बावली में धरोहर दिवस मनाया। धरोहरों के संरक्षण क संदेश देने यहां करीब डेढ़ से दो घंटे सफाई अभियान चलाकर श्रमदान भी किया गया। इस श्रमदान में यहां पहुंचे पर्यटक भी सहभागी बने। श्रमदान की शुरूआत बावली के पानी में फेंकी गई पानी की बॉटल, नमकीन के पाउच सहित अन्य कचरें को निकालने से शुरू की। इसके बाद बावली के अंदर और बाहर परिसर में ऊगी झाड़ियों और घास की सफाई भी की गई। कुछ घंटे के श्रमदान के बाद ही बावली का स्वरूप बदला नजर आया। बड़ी मात्रा में संग्रहित कचरे और प्लास्टिक को पंचायत के सफाई वाहन से बाहर करवाया गया।

कार्यक्रम के दौरान संगोष्ठी भी की गई। इस दौरा युवा मोटीवेटर अजय ठाकुर ने जिले की धरोहरों के संरक्षण की बात कही। वहीं टूरिज्म प्रबंधक एमके यादव ने हमारी धरोहरों को सहेजने सामुहिक प्रयास किए जाने की बात कही। उमेश सोनेकर, शीला पटले ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी व कचरे न हो यह पंचायत, प्रशासन की नहीं बल्कि सभी नैतिक जिम्मेदारी है। हमारी धरोहरों को सहेजने हमें ही आगे आना होगा, तभी इनका सही रूप से संरक्षण हो पाएगा। जन अभियान के सेक्टर प्रभारी विजय सूर्यवंशी सभी पर्यटन व पुरातत्व प्रेमियों से इस तरह के कार्यो में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप



### 2 बाइक की आपस में भिड़त,दो घायल

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में 2 बाइक की आपस में भिड़त हो गई। हादसा मानक सर्रा गांव के पास शनिवार रात को हुआ, जिसमें दो लोग गंभीर घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज जबलपुर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार शनिवार रात हुए हादसे में भागचंद कुलस्ते निवासी धनपुरा और रज्जू सरुते निवासी सियामउ घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल दोनों की हालत स्थिर बनी हुई है।

# 23 अप्रैल को वज्रयोग में मनेगा हनुमान प्राकट्य उत्सव

**चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि 23 अप्रैल 2024 को सुबह 3 बजकर 25 मिनट पर शुरू हो रही है। यह तिथि 24 अप्रैल 2024 को सुबह 5 बजकर 18 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में हनुमान जन्मोत्सव पर्व 23 अप्रैल, मंगलवार को मनाया जाएगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मान्यता है कि हनुमान जन्मोत्सव के दिन हनुमान जी को घी, सिंदूर और चोला चढ़ाने से सारे रुके हुए काम पूरे हो जाते हैं। इसके साथ ही महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने के लिए आप पीपल के पत्तों पर राम का नाम लिखकर भी हनुमान जी को अर्पित कर सकते हैं।

### लगाएं इन चीजों का भोग

हनुमान जी की पूजा करते समय आप उन्हें लड्डू, पंचमेवा, इमरती या जलेबी और बूंदी का भोग लगा सकते हैं। ये चीजें हनुमान जी को बहुत प्रिय होती हैं। साथ ही हनुमानजी को गुड़, चना और पान का बीड़ा का भोग भी लगा सकते हैं।

### श्री कपीश्वर मंदिर में धूम धाम से मनाया जायेगा श्री हनुमान जी भगवान का भव्य जन्मोत्सव



सिवनी श्री कपीश्वर मंदिर हाऊसिंग बोर्ड कालोनी बारापत्थर में 23 अप्रैल को श्री हनुमानजी भगवान का प्राकट्योत्सव हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा मंदिर समिति द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि भगवान श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव दिनांक 23 अप्रैल 2024 को प्रातः 05.30 बजे श्री हनुमान जी का अभिषेक, श्रृंगार, प्रातः 07:00 बजे से हवन पूजन पाठ, 09 बजे आरती दोपहर 12 बजे भोग आरती भोग आरती में श्रद्धालु रसोई घर की शुद्धता का ध्यान रख स्वयं भोग बनाकर ला सकते हैं दोपहर 03.00 बजे से महिला मंडल द्वारा सुन्दरकाण्ड का पाठ, शामः 6:30 बजे से महाआरती तथा 07.00 बजे से महाप्रसाद भण्डारा वितरण होगा मंदिर समिति समस्त सनातन धर्म प्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने का निवेदन करती है। हिंदू धर्म में हनुमान जी की पूजा करना बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। हनुमान जन्मोत्सव का पर्व बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस बार हनुमान जन्मोत्सव मंगलवार के दिन ही पड़ रहा है। जिसके कारण यह उत्सव और भी खास हो गया है। ऐसे में इस दिन कुछ विशेष चीजें हनुमान जी को अर्पित करने से उनकी कृपा प्राप्त होती है।

### हनुमान जी को प्रिय है लाल रंग

हनुमान जी को लाल रंग प्रिय माना जाता है। इसलिए पूजा के दौरान हनुमान जी को लाल रंग के फूल भी चढ़ा सकते हैं। इसके लिए आप हनुमान जी को गेंदे के फूल या इनसे बनी माला चढ़ा सकते हैं। साथ ही हनुमान जन्मोत्सव के दिन आप बजरंगबली को गुलाब का फूल या लाल गुड़हल के फूल चढ़ाकर भी उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर हनुमान जी के प्राकट्य की मान्यता है। इस बार मंगलवार को पूर्णिमा तिथि पर वज्र योग रहेगा। भारतीय ज्योतिष शास्त्र में 27 योग की बात कही गई है। इनमें एक व्रज योग भी है, यह योग धार्मिक अनुष्ठान के लिए विशेष माना जाता है। इस संयोग में संकल्प अनुसार हनुमान जी की पूजा अर्चना करना शुभफलदायी माना गया है।
ज्योतिषाचार्य के अनुसार जन्म कुंडली में मंगल शनि की विपरीत स्थिति हो या मंगल शनि का युति दोष हो अथवा मंगल या शनि की महादशा, अंतर्दशा या प्रत्यंतर दशा हो या फिर मंगल व शनि मार्केश हो उक्त सभी प्रकार के दोषों की स्थिति हनुमानजी की पूजा अर्चना व अनुष्ठान से समाप्त हो जाती है। इसलिए मंगल शनि को अनुकूल बनाने के लिए चैत्र पूर्णिमा पर उनकी आराधना अवश्य करना चाहिए।

### प्रशासन व न्यायिक सफलता के लिए भी करें हनुमंत अनुष्ठान

जन्म कुंडली में शनि की साढ़ेसाती, शनि की ढैया, शनि की महादशा या शनि का त्रिकेश संबंध विपरीत अवस्था में दिखाई देता हो, तो ऐसी स्थिति के लिए भी हनुमान जी की साधना विशेष मानी जाती है। प्रशासन से जुड़े सभी कार्य मंगल से संबद्ध होते हैं व न्यायपालिका या न्यायिक कार्यों से जुड़े काम शनि से संबद्ध होते हैं। किसी प्रकार से न्यायिक अवरोध की स्थिति जब होती है तो अनुकूलता के लिए भी हनुमान जी की साधना की जा सकती है। विधिवत व्रत, जाप, नियम व अनुष्ठान करने से हनुमान जी की कृपा प्राप्त होती है।

### यह उपाय करने चाहिए

हनुमान चालीसा का पाठ, हनुमत स्तोत्र, हनुमान वडवानल स्तोत्र, हनुमान साठिका, पंचमुखी हनुमान कवच, एकादशमुखी हनुमान कवच के पाठ यथा विधि श्रद्धा के साथ करने से पारिवारिक सुख, शांति, स्वास्थ्य, सुरक्षा व दीर्घायु की प्राप्ति होती है।

# गौ-तस्करी:34 गोवंश से भरा ट्रक पकड़ा, वाहन चालक फरार

## ग्राम भटेखारी से बरघाट की ओर जा रहा था ट्रक

**जिले की कान्हीवाड़ा पुलिस ने शनिवार की रात्रि को एक ट्रक से 34 नाटे बरामद करते हुए ट्रक को सीज कर दिया। पुलिस ने ट्रक मालिक व अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कान्हीवाड़ा।




कान्हीवाड़ा थाना प्रभारी कृपाल सिंग तेकाम ने जानकारी देते हुए ये बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम भटेखारी से बरघाट की तरफ एक ट्रक गोवंश लाद कर जा रहा था। मुखबिर से जानकारी मिलते ही पुलिस ने ट्रक का पीछा किया। पीछा करने के शक पर वाहन चालक ग्राम भटेखारी के पहले ही ट्रक खड़ा कर खलासी सहित फरार हो गया। ASI प्रमोद मालवीय ने बताया कि ट्रक से 34 नग नाटे बरामद किया गया है। उन्होंने आगे बताया की बैलों को कान्हीवाड़ा गोशाला भेज दिया गया है।
जप्त सामग्री- 34 नग नाटे एवं एक ट्रक कंटेनर क्रमांक Gjar 27 to 2264 इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी कृपाल सिंह तेकाम ए एस ई प्रमोद मालवी अंकिता जैन शिवकुमार इडपाचे सहित तमाम पुलिस कर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

# महिला से दो लोगों ने किया जेवर पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मैं ग्राम लुघरवाडा रहती हूँ। मजदूरी का काम करती हूँ। आज दिनांक 19/04/24 के दोपहर 02/30 बजे केवलारी से ट्रेन से सिवनी आई थी। स्टेशन से मेरी भतीजी शिवानी बघेल ने मुझे मेरी बेटी ममता बघेल के घर आजाद वार्ड सिवनी में छोड़ा। करीबन आधे घंटे बाद दोपहर 03 बजे मेरे बेटे गणेश बघेल ने मुझे शंकर मढ़िया के सामने सब्जी मंडी में सब्जी लेने के लिये छोडकर चले गया। फिर मैं सब्जी खरीदकर नगरपालिका चौक पैदल आई तो वहां पर मुझे दो अनजान लडके मिले और मुझे कहने लगे कि माताराम थोडा साथ में चलो आगे बात करनी है कहकर नगरपालिका के बाजू वाली गली में ले गये।
फिर वहां से मुझे अपनी बातों में उलझाते हुये दुर्गा चौक से टिग्गा मोहल्ला शनि मंदिर के आगे, कल्लु किराना वाली रोड तरफ ले गये और कल्लु किराना



की दुकान के पास पहुंचकर कहने लगे की माताराम समय खराब चल रहा है इतने जेवर पहन कर मत चलो। तो मैनें अपने जेवर सोने की एक दानी माला, एक सोने का गले का पैंडल, हाथ कि अंगुठी, कान के टांप्स निकालकर अपने पास रखे छोटे पर्स में रख लिये पर्स में मेरे 1500 रुपये रखे हुये थे। फिर एक लड़के ने पर्स लेकर एक सफेद रुमाल में बांधकर अपने पास रखे लाल रंग के थैले में रखकर मुझे दे दिये और एक लडका कहने लगा कि मेरा साथी बहुत भूखा है मैं इसको खाना खिलाकर लाता हूँ।
माताराम तुम यहीं बैठे रहना फिर करीब आधे घंटे के बाद जब दोनो नही आये तो मैनें थैले को खोलकर देखा तो सफेद रुमाल के अदंर कंकड पत्थर बंधे रखे हुये थे। फिर मैं अपनी बेटी ममता बघेल के घर गई और उसको घटना की पुरी बात बताई। मेरे साथ दो अजात लडको ने बातों में उलझाकर मेरे साथ धोखाधडी कर मेरे पुराने इस्तेमाली जेवर सोने की एक दानी माला, एक सोने का गले का पैंडल, हाथ कि अंगुठी, कान के टांप्स कुल कीमती 60,000 रुपये व नगदी 1500 रुपये ले लिये जो अपने लडके गणेश बघेल व बेटी ममता बघेल के साथ थाना रिपोर्ट करने आई हूँ। रिपोर्ट करती हूँ कार्यवाही की जाये।

# प्रतिबंध के बाद भी अमानक पॉलीथिन का हो रहा उपयोग, जिम्मेदार मौन




**जिला मुख्यालय समेत जिले भर में प्रतिबंध के बाद भी अमानक पॉलीथिन का उपयोग हो रहा है। हर दिन निकलने वाले कचरे में बड़ी मात्रा में पॉलीथिन शामिल रहती है। इसके बाद भी संबंधित अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। भारत सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा रखा है। इसके बाबजूद इसका उपयोग हो रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

उपयोग के बाद फेंक देने से गलियों, सड़कों और नालियों में पॉलीथिन और प्लास्टिक के ढेर लग जाते हैं। यह मवेशियों के लिए हानिकारक साबित हो रही हैं। साथ ही नाले-नालियां पालीथिन फंसने से चोक हो रही हैं। लोगों का कहना है कि निजी और सार्वजनिक आयोजन जैसे बैठक, सम्मेलन, शादी, पार्टी और अन्य धार्मिक, राजनीतिक व सामाजिक आयोजनों में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग होती है। लोगों में जागरूकता का अभाव और जिम्मेदारों के उदासीन रवैये से सिंगल यूज प्लास्टिक का यूज रूक नहीं रहा है। इस मामले में नगर पालिका के सीएमओ आरके कुर्वेती का कहना है कि नगर पालिका लोगों को प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। लोगों को इसके नुकसान के बारे में भी बताया जा रहा है। समय-समय पर कार्रवाई की जाती है।

# गाजे बाजे के साथ जवारे और ज्योति कलश का एवं माता की प्रतिमा का किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले के आदिवासी बाहुल्य विकास खंड घंसौर मुख्यालय के शारदा मंदिर में चैत्र नवरात्र पर माता की नौ रूपों में प्रतिमा विराजित की गई थी। जिसका विसर्जन शनिवार शाम को किया गया। समिति सदस्यों ने बताया कि शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने के कारण देवी प्रतिमा विसर्जन के लिए शनिवार शाम को किया गया।



इस दौरान शाम को ढोल नगाड़ों के साथ प्रतिमा को नगर के प्रमुख चौक चौराहों से भ्रमण कराने के बाद विसर्जित किया गया। उन्होंने बताया कि मंदिर में पिछले 22 वर्षों से अखंड ज्योति कलश स्थापित किए जा रहे हैं। नवरात्र में यहां हर दिन विधि विधान से यहां पूजन-आरती के साथ कई आयोजन किए गए। मुख्यालय समेत आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में विराजित मां शारदा के दर्शन करने पहुंचे। शाम को जवारे और ज्योति कलश का भी गाजे बाजे के साथ विसर्जन किया गया। इस दौरान झांकियां आकर्षण का केंद्र रही, रात्रि में भंडारे का आयोजन भी किया गया।

# जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाई महावीर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिलेभर में महावीर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जैन समुदाय के लोगो ने जैन मंदिरों में विशेष पूजन कर णमोकार मंत्र का उच्चारण किया। विपनेश जैन और अरुण जैन ने बताया कि जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विमान चल समारोह निकाला गया। सिवनी जिला मुख्यालय के मुख्य जैन मंदिर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिवनी सहित लखनादौन, घंसौर, धनोरा, बरघाट, कुरई, छपारा, केवलारी विकास खंड में भगवान महावीर का चल समारोह निकाला गया। जहां जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा स्वागत किया। शोभायात्रा में पालकी पर आचार्य विद्या सागर जी की प्रतिमा को भी विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। गाजे बाजे के साथ भगवान महावीर की जगह-जगह आरती उतारी गई। जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी का 2623 वां जन्मोत्सव पर महिला-पुरूष विशेष वेशभूषा में नजर आए।

# ताले में बंद हुई ईवीएम मशीनें, हथियारबंद जवानों की सुरक्षा में रहेगा स्ट्रांग रूम

**जिले में लोकसभा चुनाव के मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद ईवीएम मशीनें ताले में बंद कर दी गई। बनाए गए स्ट्रांग रूम में सभी ईवीएम को सुरक्षित रखा गया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

समस्त ईवीएम के एकत्रीकरण के बाद उन्हें निर्वाचन अधिकारियों की उपस्थिति में सील करने की कार्रवाई की गई। स्ट्रांग रूम का ताला अब मतगणना के दिन खुलेगा। यह मशीनें चार जून को सुबह स्ट्रांग रूम से बाहर निकाली जाएगी। तब तक स्ट्रांग रूम की सुरक्षा हथियारबंद जवान करेंगे। इस दौरान स्ट्रांग रूम परिसर में कई चरण का सुरक्षा घेरा रहेगा। 24 घंटे सशस्त्र बल तैनात रहेगा।



विधानसभा वार जमा की गई मशीन

लोकसभा चुनाव में शुक्रवार को मतदान में उपयोग की गई ईवीएम का एकत्रीकरण विधानसभा वार अलग-अलग किया गया है। शनिवार की सुबह तक जिले के समस्त मतदान केंद्रों की ईवीएम मशीनें स्ट्रांग रूम तक पहुंच गई थी। वापस आयी प्रत्येक ईवीएम को जांच के बाद जमा कर लिया गया है। मतदान के दौरान तकनीकी समस्या वाली ईवीएम मशीनों को भी ताला लगा दिया गया है। चुनाव में उपयोग की गई अन्य अभिलेख एवं सामग्री को भी विधानसभा वार अलग-अलग सुरक्षित रखा गया है।

### सीसीटीवी कैमरे की नजर में रहेगा

स्ट्रांग रूम परिसर में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। परिसर अब मतगणना के दिन तक चौबीस घंटे सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेगा। परिसर के अंदर होने वाली प्रत्येक गतिविधि को सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से रिकॉर्ड किया जाएगा। प्रशासन और पुलिस की ओर से परिसर में कई जगह गुप्त सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए है। ताकि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई संभव हो।

### लगातार होगी गश्त, जांच भी होगी

स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को लेकर प्रशासन और पुलिस ने पहले ही तैयारी कर ली थी। कृषि विवि परिसर को कई परत के सुरक्षा घेरा में रखा है। कई जगह पर अस्थाई सुरक्षा एवं जांच चौकी बनाई गई है। लोकसभा प्रत्याशी और उनके प्रतिनिधियों के लिए भी स्ट्रांग रूम के बाहर व्यवस्था की गई है। ताकि निष्पक्ष प्रक्रिया और ईवीएम की सुरक्षा को वे देख सकें। रात्रि में विशेष पेट्रोलिंग के निर्देश दिए गए है।

# पटरी से उतरी यातायात व्यवस्था, सड़क पर हाथ ठेलों के कारण लगता है जाम

**शहरकी यातायात व्यवस्था इन दिनों फिर से बिना पटरी के चल रही है। इस संबंध में ट्रेफिक विभाग भी कोई खास कार्रवाई करते नहीं दिख रहा है। ट्रेफिक कर्मियों द्वारा यातायात सुधारने के नाम पर चौराहों पर बिना हेलमेट के चालान ही काटकर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की इतिश्री कर ली जाती है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



जबकि शहर के मुख्य बाजार में बेतरतीब खड़े वाहन मुख्य बाजार की संकड़ी सड़कों पर थ्री व्हीलर पर कोई लगाम नहीं कसी जा रही है। जिससे शहर में बदहाल यातायात व्यवस्था से हर कोई परेशान हो गया है। शहर में वाहन खड़े करने को लेकर यह स्थिति है कि वाहन कहीं भी खड़ा कर दो उसे पूछने वाला कोई नहीं है।
सिवनी नगरपालिका से शंकर मढिया तक की मुख्य सड़क पर दिन में कई बार जाम की स्थिति बनती रहती है। हालांकि ट्रैफिक कर्मी यहां नजर आते हैं लेकिन फिर भी यातायात व्यवस्था नहीं सुधर रही है।बार-बार जाम लगने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।
इस रोड पर अतिक्रमणकारियों का फुटपाथ पर भी कब्जा है।हाथठेलों में सब्जी का व्यापार करने वाले अक्सर सड़क पर आ जाते हैं। जिसके कारण पहले से संकरी रोड और संकीर्ण हो जाती है। इस मार्ग से नागपुर, छिंदवाड़ा आदि शहरों के लिए बसों का आवागमन होता है और कई एंबुलेंस और निजी वाहन इधर से गुजरते हैं। वाहनों के भारी दबाव के कारण अक्सर यहां पर जाम की स्थिति निर्मित होती रहती है। ट्रैफिक कर्मी के सामने ठेले थोड़ा अंदर हो जाते हैं लेकिन फिर वही स्थिति बन जाती है। यहां कोई पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। इसके कारण सब्जी और दूसरी दुकानों में खरीददारी करने आए लोग अपने वाहन सड़क किनारे खड़े कर देते हैं। यह भी जाम की एक प्रमुख वजह है।

**आखिर कब सुधरेगी व्यवस्था**

आमजनमें अब यह सवाल पैदा हो गया है कि स्वर्णनगरी में बिगड़ी यातायात व्यवस्था आखिर कब सुधरेगी। साथ ही ट्रैफिक विभाग सिर्फ चालान काटने पर ध्यान नहीं देकर शहर की मूल यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए कब सक्रिय होगा।

बेतरतीब पार्किंग सबसे बड़ी परेशानी

शहरमें यातायात व्यवस्था के बिगड़ने का सबसे बड़ा कारण बेतरतीब पार्किंग व्यवस्था है। यातायात विभाग द्वारा शहर के चौराहों पर तो चालान काटे जा रहे हैं लेकिन शहर की भीतरी व्यवस्था को लेकर कोई सजग नहीं है। शहर में पार्किंग को लेकर यह स्थिति है कि कोई भी अपना वाहन कहीं भी खड़ा कर दे लेकिन उसे पूछने वाला कोई नहीं है।

# भारतीय पासपोर्ट दिखाकर किया मत का प्रयोग

**देश में लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में 102 सीटों के लिए वोटिंग हुई। जिसमें 21 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों सहित मध्य प्रदेश के 6 संसदीय क्षेत्र सीधी, शहडोल, जबलपुर मंडला, बालाघाट और छिंदवाड़ा के मतदाता ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।**

इसी तारतम्य में बालाघाट संसदीय क्षेत्र के सिवनी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय सिवनी की पैरालीगल वालंटियर श्रीमती राजेश्वरी सिंह ठाकुर ने मतदान के पर्व पर सर्वप्रथम प्रातः 7 बजे निर्धारित मतदान केंद्र में जाकर अपने मत का प्रयोग किया। उन्होंने निर्वाचन आयोग के 11 तरह के विकल्प जिसमे केंद्र सरकार या राज्य सरकार की 11 फोटो आईडी दस्तावेजों में से पासपोर्ट आईडी दिखाकर अपने मत का का प्रयोग किया। उनकी मतदान केंद्र के बाहर हाथ में पासपोर्ट, स्याही निशान वाली तस्वीर सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रही है।

## मंदिर समिति और ग्रामवासियों का आक्रोश बढ़ता देख विधायक, रेंजर, थाना प्रभारी पहुँचे घटना स्थल पर

# शराब के नशे में धुत डिप्टी रेंजर और वन रक्षकों ने मंदिर परिसर में की तोडफ़ोड़





हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी वन परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत रमरमा के महादेव मंदिर परिसर में रविवार की दरयामी रात वारासिवनी वन विभाग में पदस्थ डिप्टी रेंजर राजेंद्र बिसेन, वनपाल रविंद्र लडक़र, वनपाल राजा मडावी, वनपाल अशोक परते ने रात्रि लगभग साढ़े 10 बजे शराब के नशे में मंदिर परिसर पहुँच कर वहाँ लगी हुई टेबल, कुर्सी और व्यापार कर रहे दुकानदारों के पंडालों में जमकर तोडफ़ोड़ कर वहाँ लगे झंडों में आग लगा दी और मौके से सभी फरार हो गए।

### कुर्सियॉ तोड़ी, दुकानों के झंडे जलाए

यह सब करते हुए वहाँ मौजूद दुकानदार ने उन्हें देख लिया। जिसनेमंदिर समिति के पदाधिकारियों व सचिव को इसकी सूचना दी। समिति के पदाधिकारियों ने घटना स्थल पर पहुँच कर वहाॅ का निरीक्षण किया, तो कुर्सियां टूटी पड़ी हुई थीं और झंडे जल रहे थे। जिसके बाद समिति द्वारा इसकी सूचना विधायक विवेक पटेल, विधायक गौरव सिंह पारधी, रेंजर क्षत्रपाल सिंह जाधौन और थाना प्रभारी वी वी टांडिया को दी गई।

### विधायक विवेक पटेल और विधायक गौरव पारधी पहुँचे घटना स्थल

मंदिर समिति के पदाधिकारियों से घटना की सूचना मिलने पर वारासिवनी विधायक विवेक विक्की पटेल और कटंगी विधाय गौरव सिंह पारधी रात्रि में ही घटना स्थल ग्राम पेंदीटोला रमरमा पहुँच गए। दोनों विधायकों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और वहॉ के दुकानदारों व समिति के सदस्यों से मामले की जानकारी ली। इस बीच रेंजर व थाना प्रभारी वारासिवनी भी मौके पर पहुँचे। दोनों ही अधिकारियों ने घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों के बयान दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही का आश्वासन ग्रामीणों को दिया।

### डिप्टी रेंजर राजेंद्र बिसेन हमेशा रहते है सुर्खियों में

ग्रामीणों के अनुसार डिप्टी रेंजर राजेंद्र बिसेन का यह शराब के नशे का यह पहला मामला नहीं हैं। इसके पहले भी उनके ऊपर ग्राम रमरमा के जंगलों से अवैध तरीके से सागौन कटाई या फिर अवैध मेंगनीज का परिवहन करवाने के मामले हमेशा सुर्खियों में बने रहते हैं।

### चार-पांच वनकर्मी तीन वाहन से आये और तोडफ़ोड़ करने लगे-अमित

दुकानदार अमित ने बताया कि मेरी यहां नमकीन, चाय की दुकान हैं। सभी चार से पाँच वनकर्मी अपने वाहन से आये और अंदर पहुँच कर कुर्सी को तोडफ़ोड़ करने लगे। मैं अकेला था, मैने डर के कारण उन्हें कुछ नहीं बोला, जिसके बाद मैंने समिति के सदस्यों और सचिव को बताया। जब तक वह सभी लोग आये, तब तक वह सभी भाग गए थे।

### शराब के नशे में धुत थे डिप्टी रेंजर सहित सभी वनपाल-राजकुमार

मौके पर मौजूद चौकीदार राजकुमार मर्सकोले ने रेंजर क्षत्रपाल सिंह जाधौन को बताया कि डिप्टी रेंजर राजेंद्र बिसेन, वनपाल रविंद्र लडक़र, वनपाल राजा मडावी, वनपाल अशोक परते सभी दो वाहनों से आये और अंदर जाकर कुर्सी को तोडफ़ोड़ करने लगे, सभी चारों बहुत नशे की हालात में थे।

### प्रतिवेदन भेजकर जांच की जा रही है-बी आर सिरसाम

वन विभाग के एसडीओ बी आर सिरसाम ने बताया कि सूचना मिलने पर मैंने मौके स्थल पहुँच कर वहाँ मौजूद ग्रामीणों से चर्चा कर घटना स्थल का निरीक्षण किया हैं। घटना सही पाई गई हैं, चार वनकर्मियों के खिलाफ प्रतिवेदन बनाकर उच्च अधिकारियों को कार्यवाही हेतु भिजवा दिया गया हैं।

## मतदान केंद्र में लापरवाही बरतने पर नियुक्त तीन पीठासीन अधिकारियों को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

19 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान मतदान केंद्र क्रमांक- 165, 195 और 242 में मोबाईल प्रतिबंध के बावजूद मतदाताओं द्वारा मोबाइल से प्रवेश किया गया। मतदान केंद्रों में मोबाइल के साथ प्रवेश करने के बाद तीनों बूथों के वीडियो और फ़ोटो वायरल हुई थे। हालांकि तीनों मामलें में पीठासीन अधिकारियों द्वारा कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई का चुकी है। लेकिन पीठासीन अधिकारियों की लापरवाही पर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने तीनों पीठासीन अधिकारियों पर कार्यवाही की है। इसमें मतदान केंद्र क्रमांक-165 गर्रा के पीठासीन अधिकारी बलिराम वाकड़े, मतदान केंद्र क्रमांक-195 की पीठासीन अधिकारी श्रीमती रचना पटले और मतदान केंद्र क्रमांक-242 के पीठासीन अधिकारी अमित डाहट को मतदान केंद्र में मप्र सिविल सेवा नियम-1996 के नियम-9 के उपनियम (1)(क) तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-134 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## 3 लोग गिरफ्तार : वोट डालने का वीडियो सोशल मीडिया पर किया था पोस्ट, एक की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में 19 अप्रैल को हुए मतदान को लेकर स्पष्ट निर्देश के बावजूद मतदान की प्रक्रिया की गोपनियता भंग करते हुए ईव्हीएम में मतदान का वीडियो बनाकर 4 लोगों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया।

**3 लोगों की हुई गिरफ्तारी:** कोतवाली पुलिस ने 3 और कटंगी पुलिस ने 1 व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार किया है। जबकि एक मामले में आरोपी की पहचान की जा रही है। पुलिस ने जिन तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उसमें एक राईस मिलर्स एशो. अध्यक्ष, एक कांग्रेसी कार्यकर्ता और एक अन्य व्यक्ति शामिल है।

वोट डालते समय बनाया था वीडियो

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार जिले में लागु आदर्श आचार संहिता और धारा 144 के स्पष्ट निर्देश के बावजूद लोकसभा निर्वाचन में वोट डालते हुए ईव्हीएम मशीन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने पर कटंगी पुलिस ने धारा 188 और लोक प्रतिनिधितव अधिनियम 1950, 1951 और 1989 की धारा 128 के तहत जाम निवासी शुभम पिता लोकेन्द्र पटले को गिरफ्तार किया है।

**इनकी हुई गिरफ्तारी:** साथ ही कोतवाली पुलिस ने कुम्हारी मोहल्ला निवासी 20 वर्षीय शहबाज पिता जहीरूद्धीन अहमद और गर्रा निवासी 38 वर्षीय मोनु उर्फ जितेन्द्र पिता स्व. युवराज भग को गिरफ्तार किया है। वहीं तीसरे मामले में वीडियो वायरल करने वाले की पहचान की जा रही है।

**इन केंद्रों पर बनाए थे वीडियो:** कटंगी विधानसभा के शासकीय प्राथमिक शाला जाम से शुभम ने मतदान का वीडियो बनाकर वायरल किया था। इसी प्रकार शहबाज अहमद ने मतदान केन्द्र शास. नेहरू नवीन कक्ष बालाघाट और मोनु उर्फ जितेन्द्र भगत ने शासकीय प्राथमिक शाला गर्रा के मतदान केन्द्र में ईव्हीएम में मतदान करते हुए वीडियो बनाकर वायरल किया था। वहीं तीसरे मामले में शामिल आरोपी ने पॉलीटेक्निक कॉलेज बालाघाट में मतदान करते हुए वीडियो बनाकर मतदान की गोपनियता भंग की थी। कोतवाली पुलिस आरोपी की पहचान में जुटी है।

## बालाघाट में हुई नृत्य नाटिका प्रतियोगिता, महिलाओं ने दी धर्म आधारित नृत्य प्रस्तुतियां

**बालाघाट।** बालाघाट में भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत बुधवार रात को श्री सुशील बहु मंडल के तत्वाधान में प्रभु महावीर के जीवन के अनोखे अंदाज पर आधारित नृत्य नाटिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें बतौर अतिथि नपाध्यक्ष भारती ठाकुर, उषा वैद्य, किरण वैद्य, किरणबाई कोठारी, आराधना जैन, मंजू सेठिया, राजीमति कांकरिया, सम्यक जैन सहित अन्य अतिथि और कार्यक्रम आयोजक श्री सुशील बहु मंडल अध्यक्ष डॉ. रैनी पगारिया, उपाध्यक्ष रजनी चौरड़यि, कोषाध्यक्ष वाणी कोचर, सचिव मानसी मोदी, सहसचिव मोना पगारिया उपस्थित थी।

प्रतियोगिता का शुभारंभ श्री सुशील बहु मंडल के सदस्यों ने मंगलाचरण के साथ किया। इसके बाद नृत्य नाटिका कार्यक्रम प्रभारी श्वेता नाहटा और रूपल चौरड़यि के नेतृत्व में धर्म पर आधारित नृत्य नाटिका प्रतियोगिता में शामिल 6 मंडलो ने निर्धारित थीम पर अपनी प्रस्तुति दी।

नृत्य नाटिका में दी गई प्रस्तुतियों को देखकर निर्णायक गोंदिया से पहुंचे पंकज चौरड़यि, सोनल लूनिया और प्रतिमा कांकरिया ने अपना निर्णय दिया। जिसमें प्रतियोगिता की विजेता टीम च्यवन कल्याणक जैन महिला मंडल को संस्था की ओर से पुरस्कृत किया गया।

इसी तरह दूसरे स्थान पर नामकरण और बधाई श्री जिन कुशल सूरि बहु मंडल, तीसरे स्थान पर मोक्ष कल्याणक श्री चंदनबाला महिला मंडल और श्री अरिहंत बालिका मंडल जन्म कल्याणक को पुरस्कृत किया गया। जबकि समता महिला मंडल और पार्श्वनाथ जैन महिला मंडल को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

## खबर संक्षेप

### 7376 मतदान अधिकारियों को जारी हुआ मानदेय

**बालाघाट।** लोकसभा निर्वाचन-24 में 19 अप्रैल को हुए मतदान में कुल 7376 मतदान अधिकारी नियुक्त किये गए थे। नियुक्त इन सभी मतदान अधिकारियों को मानदेय की राशि 18 अप्रैल को ही कयाडी कर दी गई है। जिला कोषालय अधिकारी श्री अमित मरावी ने बताया कि 6 विधान सभा में 1819 पीठासीन अधिकारी, 1820 मतदान अधिकारी-एक, 1907 मतदान अधिकारी- दो और 1830 मतदान अधिकारी-3 नियुक्त हुए थे। इसी तरह इन सब को कुल 8103600 रुपये की राशि बैंक खातों में जारी कर दी गई है।

### आयोग के निर्धारित मापदंडों पर निर्वाचन प्रेक्षक ने की संवीक्षा

**बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन में 19 अप्रैल जिले के 1675 मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान समाप्ति के पश्चात निर्वाचन प्रेक्षक द्वारा वोटिंग की संवीक्षा की जाती है। शनिवार को निर्वाचन प्रेक्षक श्री शुभकरण सिंह ने स्थानीय पॉलीटेकनिक महाविद्यालय में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की मौजूदगी में संवीक्षा की। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मिश्रा ने राजनीतिक दलों और अभ्यर्थियों से कहा कि संवीक्षा के कुछ निर्धारित बिंदु है। उन बिंदुओं पर आवश्यक रूप से पीठासीन अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारियों को परखा जाता है।

### हनुमान जयंती पर वीर बजरंगी का स्वरूप धारण करेंगे आकाश रंगलानी

**बालाघाट।** हर साल की तरह इस साल भी 23 अप्रैल को हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर वीर बजरंगी का स्वरूप निकाला जाएगा। श्री हनुमान सेवादल समिति द्वारा कोविड के दो साल छोड़कर पिछले 6 वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के इस सातवें वर्ष में हनुमान भक्त आकाश रंगलानी वीर बजरंगी का स्वरूप धारण करेंगे। इसके लिए उन्होंने 40 दिनों की तपस्या का संकल्प ब्रह्मचर्य व्रत का पालन, सुबह'शाम विशेष तरह का व्यायाम, सात्विक भोजन और हनुमान भक्ति का पालन भी प्रारंभ कर दिया है।

## सिद्धपीठ बजरंग घाट में मनाई जाएगी हनुमान जयंती

**बालाघाट।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मुख्यालय के प्राकृतिक वादियो में स्थित बजरंग घाट स्थित सिद्धपीठ बजरंग मंदिर में 23 अप्रैल को रामभक्त भगवान हनुमान जी का जन्मोत्सव पूरी श्रद्धा, आस्था और विश्वास के साथ मनाया जाएगा। तैराकी संघ पदाधिकारियों ने बताया कि रामभक्त श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव पर 23 फरवरी को प्रातः 05 बजे से हनुमान चालीसा का पाठ, प्रातः 07 बजे सुंदरकांड, प्रातः 11 बजे हवन, पूजन और आरती तत्पश्चात भक्तों के लिए महाप्रसाद के रूप में भंडारे का आयोजन किया गया है। जिला तैराकी संघ के सभी पदाधिकारियो ने भक्तों से भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव के धार्मिक कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## भगवान महावीर की जयंती मनाई : चांदी के रथ पर सवार होकर निकले श्रीजी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



सारे जगत को अहिंसा, दया, क्षमा, शांति, मित्रता, जियो और जीने दो, का संदेश देने वाले भगवान महावीर का 2623 वां जन्म महोत्सव पूरे जिले में मनाया गया। चांदी के रथ और पैदल कंधो पर भगवान महावीर की पालकी को नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा निकली तो जय महावीर की जयघोष के लोगों ने नारे लगाए।

सुबह 7 बजे महावीर चौक में ध्वजारोहण किया गया। 10.30 बजे श्री पार्श्वनाथ भवन से भगवान महावीर की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। जिसमें बड़ी संख्या में सकल जैन समाज पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए।

भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव समिति के तहत भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर 9 दिवसीय सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। जिसमें विभिन्न सामाजिक और सेवीभावी कार्य किए गए।

शोभायात्रा के साथ ही तहत शाम 6 बजे से कृषि उपज मंडी के सामने इतवारी गंज में सुप्रसिद्ध भजन गायक अंकिल लोढ़ा का भक्ति भजन संध्या का आयोजन किया गया है।

शोभायात्रा में बच्चे घोड़ों पर सवार थे। शोभायात्रा में सोहन वैद्य, महेन्द्र सुराना, अभय सेठिया, संतोष जैन, डॉ. चंद्रशेखर चतुरमोहता, सुशील जैन, राकेश बाफना, ज्ञानचंद बाफना, डॉ. आर.के. जैन, अजय लूनिया, श्रेयांस वैद्य, विकल्प चौरड़यि, अतुल वैद्य, पवन बाफना, आशीष कांकरिया, कपिल कांकरिया, मोनिल जैन सहित सकल जैन समाज के लोग मौजूद थे।

## भाजपा मोदी जी के नेतृत्व में 400 पार का लक्ष्य प्राप्त करेगी : पाठक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिला भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं नेता राजेश पाठक ने मीडिया के साथ अनौपचारिक चर्चा में देश में चल रहे वर्तमान लोकसभा चुनाव को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विगत 10 वर्षो के भाजपा शासनकाल में देश में अनेक क्षेत्रो में अपनी सफलता का लोहा दुनिया में मनवाया है उस आधार पर इस बात को कहने में कोई संकोच नहीं है कि देश अपने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अपकी बार 400 पार का जो नारा दिया गया है उसको प्राप्त करने में कहीं कोई रूकावट नहीं आएंगी, क्योकि केन्द्र सरकार ने जनता की मूलभूत सुविधाओ की समस्याओ का समाधान हर स्तर पर करने के लिए गंभीरतापूर्वक कार्य किए है, समाज के अंतिम छोर पर खडे व्यक्ति तक सरकारी योजनाओ का लाभ पहुंचे इस पर विशेष रूप से फोकस किया गया है, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यो से अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश और अपने साख को मजबूत किया है, यह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व की बात है समाज के सभी वर्ग आदिवासी, पिछडा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग, महिला वर्ग, युवा वर्ग सहित सभी पक्षो का ध्याान रखते हुए योजनाएं तैयार करके उन्हे लाीाी पहुंचाने और उन्हे आत्मनिर्भर बनाने के क्षेत्र में अनेक उल्लेखनीय कार्य किए है, कश्मीर में धारा 370 हटाकर वहां एक नये युग की शुरूवात की है जो 2000 पहले से पदस्थ सरकारे नहीं कर पायी, महिलाओ के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, निशुल्क अनाज, उज्जवला गैस, आयुष्मान योजना, संबल योजना, मेक इन इंडिया, जैसे अनेक उल्लेखनीय योजनाओ ने आम आदमी के जीवन में बाहर लाने का प्रयास किया है, वहीं इन सबसे हटकर मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम के मंदिर निर्माण के सपने को साकार करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है, मोदी सरकार की कथनी और करनी में समानता के चलते ही आज पूरे देश में उनके नाम की जयजय कार हो रही है, वर्तमान लोकसभा चुनाव देश के आंतरिक विकास के साथ-साथ भारत को और अधिक समृध्दशाली और वैश्विक पटल पर सबसे आगे ले जाने मोदी जी के संकल्प का चुनाव है, हमें विश्वास है कि देश की जनता अपना भरपूर स्नेह और आशीर्वाद 2019 से ज्यादा 2024 में देकर सफलता का नया आयाम स्थापित करेगी ताकि भारत विश्व गुरू बनने में सफलता प्राप्त करें।

## करीब 10 सेकेण्ड के लिए हार्ट काम करना बंद कर चुका था - सीएमएचओ डॉ. पांडे

# कार्डियक अटैक से उभरे गनिराम मार्को को मिला नया जीवन



### आपदा में मेडिकल प्रबंधन से जवान को समय पर मिली सुविधा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा लोकसभा निर्वाचन-24 में की गई व्यवस्थाओं के लिहाज से सदैव याद किया जाएगा। चुनाव से पहले एक रिपोर्ट आयी थी, जिसमें देश के 12 जिलों में नक्सल गतिविधियां सक्रिय होना बताया गया था। इसमें बालाघाट भी शामिल है, ऐसी स्थिति में निर्वाचन सम्पन्न कराना चुनोती भरा टॉस्क था। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने आपदा में मेडिकल प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम के लिए विशेष योजना बनाई। इस योजना के क्रियान्वयन से जीआरपी भोपाल के सब इंस्पेक्टर गनिराम मार्को की जान बचाने में कामयाबी मिली है। सीएमएचओ डॉ. मनोज पाण्डे ने बताया कि मेडिकल की पूरी व्यवस्थाएं समय पर होने से जवान की जान बचाने में कामयाबी मिली है। सुरक्षा के जवान को कार्डियक अटैक होने से करीब 10 सेकेण्ड के लिए हार्ट काम करना बंद कर चुका था। पम्पिंग और सीपीआर मैथड से उपचार देने के बाद पुनः सांसे चलने लगी। इसके बाद सारी व्यवस्थाएं समय पर मौजूद होने से जान बचाई जा सकी है। शनिवार को गोंदिया के आरक्षित अस्पताल में उनकी एंजियोग्राफी की गई। जिला अस्पताल 108 से लाया गया, जहां मेडिकल विशेषज्ञ डॉ. अंकित राणा, डॉ. आशुतोष बांगरे, डॉ. वर्षा चौबे और आईसीयू स्टॉप अंकित गुप्ता की समय पर मौजूदगी से उपचार में आसानी हुई।

### 19 अप्रैल को सामग्री जमा करते समय आया कार्डियक अटैक

19 अप्रैल को करीब रात 11 बजे लांजी के दल द्वारा जब सामग्री जमा की जा रही थी। लांजी क्षेत्र में ड्यूटी कर वापस आये जवान गनिराम मार्को पॉलीटेकनिक कॉलेज में बेहोश हो गए। योजनानुरूप 108 मौके स्थल पर मौजूद थी। अस्पताल में आईसीयू बेड आरक्षित होने से उपचार प्रारम्भ हैं लेकिन यहां कुछ समय के लिए उनके हार्ट ने काम करना बंद कर दिया था। तभी पम्पिंग और सीपीआर मेथड का उपयोग करने के बाद तुरंत हार्ट पम्पिंग करने लगा। यहां डॉ. लोकेश वासनिक ने ईसीजी किया तो कार्डियक अटैक के साथ ही फेफड़े भी काम करना बंद कर चुके थे। होश आने के बाद तुरंत गोंदिया के आरक्षित निजी अस्पताल में शिफ्ट किया गया। योजनानुसार यहां एक नोडल अधिकारी श्री प्रशांत ठाकुर पहले से ही व्यवस्थाएं जैसे- डॉक्टर नर्स और तमाम मेडिकल फैसिलिटी के साथ तैयार थे। मरीज गनिराम का तुरन्त उपचार प्रारम्भ हुआ। साथ ही जरूरत पड़ने पर 20 अप्रैल को उनकी एंजियोग्राफी की गई। अस्पताल में मौजूद नोडल अधिकारी डीपीओ श्री ठाकुर ने बताया कि योजनानुसार सभी कार्य समय पर होने से गनिराम की एंजियोग्राफी के बाद अब वे बिल्कुल स्वस्थ लग रहें है।

### मेडिकल प्रबंधन तीन स्तर पर बनाया गया

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा ने आपदा में मेडिकल व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए तीन स्तर पर योजना बनाई। पहली- नक्सल प्रभावित क्षेत्र के अमले को तत्काल मेडिकल सुविधा देने के लिए विशेष किट तैयार किया गया । साथ ही 20 से 30 मिनट के भीतर चिकित्सकीय सुविधा देने में लिए चुनिंदा स्थलों पर डॉक्टरों की एम्बुलेंस के साथ उपलब्धता सुनिश्चित की गई। दूसरी- सुरक्षा से लिहाज से आपात रूट और सुरक्षा पर भी ध्यान दिया गया। कोई अप्रिय घटना दुर्घटना होने की स्थिति में अस्पताल तक पहुँचाने के लिए सुरक्षित मार्ग तैयार किया गया। तीसरा-अत्यंत नाजुक/ मुठभेड़ या नक्सली हामला में हताहत होने वालो के उपचार के लिए स्थानीय व अन्य अस्पतालों में उपचार देने की योजना तैयार की गई। इसमें जबलपुर, गोंदिया और नागपुर के अस्पताल आरक्षित किये गए।